

नवभारत 03
इंदौर, सोमवार, 02 मार्च, 2026



# पानसेमल में दिखा भगोरिया का उत्साह

▸ विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने पारंपरिक वेशभूषा में किया भ्रमण



**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर में हर्ष उल्लास के साथ भगोरिया पर्व मनाया गया। इस अवसर पर नगर में सुबह से ही चहल-पहल बनी रही। दोपहर तक अलग-अलग ग्रामों से क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए। विधायक श्याम बर्डे, श्रीमती निर्मला श्याम बर्डे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिला विनोद वसावे, प्रतिनिधि विनोद वसावे ने परिवार के साथ बाजार में भ्रमण कर होली पुजन की सामग्री एवं खाद्य सामग्री खरीदी। साथ ही दुकानदारों एवं ग्रामीणों को भगोरिया की बधाई दी। इसके बाद सभी विधायक कार्यालय पर पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देते हुए कहा कि कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मेरी पूंजी है। सुख-दुख के साथी हैं। उपस्थित जनों को जलेबी खिलाकर शुभकामनाएं दी।

विधायक ने कहा नागलवाड़ी में कृषि कैबिनेट होना सरकार का ऐतिहासिक निर्णय है सभी को बधाई देते हुए। इस दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी, नगर पटेल संजीव सावले, सचिन चौहान, राम सोनाने, चंद्रकांत महाजन, रामचंद्र सोनीस, चेनसिंह गदरे, ग्राम के सरपंच ग्रामीण सहित क्षेत्रवासी शामिल रहे।

भगोरिया पर्व में जलेबी गुड़सेव, अंगूर संतरे की खरीदी हुई, वहीं होली के पुजन सामग्री सहित किराना दुकानों पर भी भीड़ नजर आई। दुर्गा मंदिर के पीछे झूले पालकी और खिलौनों की दुकानें लगाई गई थी।

### रंगपंचमी तक जारी रहेगी फाग मांगने की परम्परा

नगर में दुर्गा मंदिर के निकट नगर परिषद और पुलिस थाने के निकट कर्मचारी साख संघ संस्था द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई। आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए थाना प्रभारी मंशाराम वगेन पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान 15 से 20 हजार लोग शामिल हुए। खांडसारी मेला स्थल नगर पालिका के निकट, गायत्री मंदिर, जलगोन रोड, दुर्गा मंदिर, बस स्टैंड, प्रजापति चौराहे पर कैमरे लगाए गए। युवतियां एवं युवक पारंपरिक वेशभूषा और चश्मे में नजर आए, भोंगरिया के साथ ही 5 दिनों तक गैर बनकर फाग मांगने की परम्परा शुरू होती हैं, जो रंगपंचमी तक जारी रहेगी।

# भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया फाग उत्सव

**बड़वानी, ( नवभारत )।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा के नेतृत्व में सेंधवा में रंगा-रंग फागोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सभी मातृशक्ति ने भजन-कीर्तन कर नृत्य किए और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

### ताकि हमारा जीवन सफल हो सके

जिलाध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि होली का पर्व हमारे जीवन में उमंग व उल्लास भर देता है। जिस तरह होली में रंग-बिरंगी रंगों का महत्व होता है, उसी तरह हमें भी जीवन में अनुशासन, जिम्मेदारी, देशभक्ति, प्राचीन संस्कृति को सहेजना, समाजसेवा, धर्मपरायणता रूपी रंगों को आत्मसात कर जीवन जीना चाहिए, ताकि जीवन सफल हो सके। इस मौके पर जिला आईटी संयोजक प्रिया पंवार, जिला उपाध्यक्ष ललिता शर्मा, अनुराधा शर्मा, रानी शिंदे, प्रीति मालवीय, मोना दीदी, ज्योति, सीता शिंदे, पाटील आदि मौजूद थे।





### पारम्परिक और गरिमामय रूप से मनाया रंगों का त्योहार...

महिला मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी प्रिया पंवार ने बताया कि फागोत्सव में सैकड़ों माता और बहनें उपस्थित रही। सभी ने नाचते, झूमते और भजन कीर्तन के साथ पारपंरिक व गरिमामय रूप से फागोत्सव मनाया।

### रुक्मिणी नगर में रंगों की बौछार

**बड़वानी।** रुक्मिणी नगर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में फाग उत्सव पारंपरिक उल्लास, भक्ति और उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर रंग-गुलाल से सराबोर नजर आया, महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और फाग गीतों के साथ जमकर उत्सव मनाया।

कार्यक्रम में वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्सवी रंग में रंगा रहा। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर भाग लिया और ढोलक की थाप पर फाग गीत गाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। सभी ने प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

रुक्मिणी नगर में हर वर्ष होली का पर्व अलग-अलग और अनोखे अंदाज में मनाया जाता है। जो क्षेत्र की विशेष पहचान बन चुका है। इस अवसर पर महिलाओं ने शहरवासियों से अपील की कि होली का त्यौहार शांति, सद्भाव और सुरक्षा के साथ मनाएं। रासायनिक रंगों से बचें, प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें तथा किसी भी तरह की जबरदस्ती या असामाजिक गतिविधियों से दूर रहे। महिलाओं द्वारा सुरक्षित और स्वच्छ होली मनाने का संदेश देते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गई।

# सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**बड़वानी, ( नवभारत )।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आज प्रस्तावित नागलवाड़ी आगमन के अवसर पर आयोजित कृषि कैबिनेट बैठक एवं जुलवानिया भगोरिया उत्सव कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए रविवार को सुरक्षा और प्रशासनिक कार्रवाइयों का विस्तृत निरीक्षण व समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान सिद्धार्थ बहुगुणा, डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन एवं धीरज बब्बर प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी ने ड्यूटी में तैनात पुलिस बल के साथ कार्यक्रम स्थल, सेफ हाउस, हेलीपैड, आगमन एवं गमन मार्ग, पार्किंग स्थल, यातायात नियंत्रण व्यवस्था, सुरक्षा घेरा, वीआईपी मूवमेंट प्लान तथा विश्राम स्थलों का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के बाद हुइ बैठक में डीआईजी ने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा आमजन की सुविधा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं विभागों के मध्य समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।



उन्होंने समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से पूर्व ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा ड्यूटी में किसी तरह की लापरवाही न बरतने, संचार व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा सभी बिंदुओं पर निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कंटिजेंसी प्लान तैयार रखने, कार्यक्रम पूर्व मॉक ड्रिल आयोजित करने, रूट लाइन एवं वैकल्पिक मार्गों का परीक्षण करने तथा व्यवस्थाओं का पूर्व परीक्षण करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन कार्यक्रम के शांतिपूर्ण, सुरक्षित व सफल आयोजन के लिए समुचित, सुदृढ़ व व्यापक व्यवस्थाएं कर रहा है।

# तहसील पुनर्गठन गोष्ठी

▸ बड़वानी जिले की वरला तहसील समन्वय समिति का कार्यक्रम



**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले की वरला तहसील समन्वय समिति पुनर्गठन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिला समन्वयक महेंद्र भावसार बताया कि गायत्री परिवार का विस्तार प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। विश्व कल्याण और राष्ट्र उत्थान को लेकर हमारा मिशन ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच पाए। शांतिकुंज ने निर्देश दिए है, हम सब का प्रयास सामूहिक साधना करने पर सबको आगे लाना होगा।

गायत्री आश्रम बलवाड़ी द्वारा आयोजित गोष्ठी में प्रज्ञा पीठ के प्रबंधन ट्रस्टी दिलीप पालीवाल, उप जोन ओंकारेश्वर सदस्य मगन लाल डुडवे, आश्रम प्रबंधक दयाराम जाधव की उपस्थिति में वरला तहसील का पुनर्गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से तहसील समन्वय विकास पालीवाल को चुना गया। साथ ही अन्य सदस्य भी सर्वसम्मति से चुने गए। 16 सदस्य कार्यकारिणी का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर तहसील कार्यकर्ताओं ने साधना अभियान प्रति माह के अंतिम रविवार चयनित ग्राम में करने का निर्णय किया। जिसमें सुबह 6 से 12 बजे तक की सामूहिक साधना में पूरी तहसील के परिजन प्रति घंटे की साधना में भागीदारी करेंगे।

# जैन बंधु ने युवती को परिजन से मिलाया

**बड़वानी, ( नवभारत )।** बस स्टैंड पर एक युवती शनिवार रात 9 बजे अकेली परेशान बैठी थी। मानवीय आधार पर रेनबसेरे के कर्मचारी सौरभ यादव ने रोटरी क्लब सचिव ललित जैन और सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन को सूचना दी। जिस पर वे तत्काल पहुंचे और युवती को रेन बसेरे ले गए। जहां उसे भोजन कराकर जानकारी ली, पहले तो उसने टाल-मटोल किया, फिर बाद में जानकारी दी। युवती के बताए अनुसार अजित जैन ने बाग के पत्रकार अर्पित राठौड़ से ग्राम जामला के सरपंच के नम्बर लिए। सरपंच कैलाश भवर से लड़की द्वारा बताए गए परिवार की जानकारी सांझा की। सरपंच ने परिजन के नंबर उपलब्ध कराए, तब जाकर मालूम पड़ा बड़वानी के समीप ग्राम में लड़की के मम्मी के मामा रहते हैं। जिसके बाद रात 11 बजे रिश्तेदार आए और युवती को घर ले गए। इस दौरान रितेश वस्कले, सौरभ यादव, राहुल यादव का भी सहयोग रहा।

# छकतला भगोरिया में ऐतिहासिक जनसैलाब, संस्कृति के रंग में रंगा पूरा क्षेत्र

▸ प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने मांदल बजाकर किया भव्य गैर का नेतृत्व, कार्यकर्ताओं संग जमकर थिरके



**आलीराजपुर।** भगोरिया महोत्सव इस वर्ष अभूतपूर्व उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक वैभव के साथ मनाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में रविवार को ग्राम छकतला आदिवासी परंपरा, रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों और ढोल-मांदल की गूंजती थाप के बीच आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने भव्य गैर का नेतृत्व किया। जैसे ही मांदल की थाप गूंजी, पूरा छकतला क्षेत्र झूम उठा और हजारों की संख्या में ग्रामीणजन, युवा व कार्यकर्ता गैर में शामिल होकर संस्कृति के रंग में रंग गए। इस बार छकतला भगोरिया में केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों की संस्कृति की भी झलक नजर आई। गुजरात और महाराष्ट्र से आए समाजजनों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक रंगीन बना दिया। पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गुजरात और महाराष्ट्र की सांस्कृतिक छाप स्पष्ट दिखाई दी, जिसने भगोरिया को बहुरंगी और अंतरराज्यीय स्वरूप प्रदान किया। गैर के दौरान युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुष्पराज रावत को कार्यकर्ताओं ने कंधों पर बैठाकर पारंपरिक नृत्य कराया। यह दृश्य पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण बना रहा। युवाओं का जोश, ढोल-मांदल की लय और पारंपरिक गीतों की गूंज ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। सोंडवा ब्लॉक से हजारों कार्यकर्ता गैर में शामिल हुए, जिससे आयोजन और भी भव्य व ऐतिहासिक बन गया। छकताला बेल्ट के वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने एकजुटता का संदेश दिया। व्हिसिल ब्लोवर के रूप में चर्चित डॉ आनंद राय ने भी भगोरिया में पहुंचकर आदिवासी संस्कृति का आनंद लिया। उन्होंने गैर में शामिल होकर पारंपरिक उत्सव की सराहना की और इसे क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बताया। इस बार भगोरिया महोत्सव में विदेशी सैलानियों का भी विशेष जमावड़ा देखने को मिला। देश-विदेश से आए पर्यटकों ने आदिवासी लोकनृत्य, वेशभूषा और परंपराओं को करीब से देखा और ग्रामीणों के साथ नृत्य कर इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय रंग प्रदान किया।आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने कहा कि भगोरिया केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और भाईचारे का संदेश देता है। छकतला भगोरिया ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यह सांस्कृतिक आयोजन क्षेत्र की गौरवशाली विरासत, अंतरराज्यीय सांस्कृतिक समन्वय और सामूहिक एकजुटता का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों को अपनी परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

# थाली की खनक और ढोल मांदल की थाप पर थिरके युवा

▸ भगोरिया पर्व उत्साह से मनाया



**पेटलावद। रायपुरिया भगोरिया हाट बाजार जमकर थिरके युवक युवतियां ।ढोल मादल की थाप पर एवं थाली की खनक पर। उत्साह उमंग उल्लास के साथ मनाया गया। भगोरिया पर्व युवक युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। युवतियां बाजार में चश्मे की खरीदारी करती हुई दिखाई दी।**

गर्मी को देखते हुए ठंडी चीजों का अधिक बिक्री हुई । दोपहर बाद भगोरिया हाट बाजार में भीड़ बढ़ती गई। ढोल एवं थाली की गूंज से गूंज उठा गांव ढोल की मधुर आवाज पर हर कोई थिरकन के लिए तैयार हुए। ग्राम पंचायत द्वारा दूर-दराज से आए हुए ग्रामीणों के लिए छांव के टेंट व्यवस्था एवं पानी की व्यवस्था की गई । दोपहर बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठन जयस के बैनर तले दोनों अलग गेर निकाली गई इस बार ढोल की संख्या काफी अधिक थी। पुलिस प्रशासन द्वारा भगोरिया हाट बाजार की सुरक्षा के लिए मुख्य मुख्य जगहों पर जवानों की तैनाती की गई । झाबुआ चौराहे पर अस्थाई पुलिस चौकी पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी एवं पुलिस मोबाइल गाड़ी से ब्राह्मण करती हुई दिखाई दी। टी आई गीता जाटव ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान अपने हाथों से संभाल रखी थी ताकि कोई भी अप्रिय घटना घटित ना हो। जनपद पंचायत के सीईओ गौरव जैन ने प्राकृतिक रंगों की प्रदर्शनी लगाकर ग्रामीणों से अपील की गई की केमिकल युक्त यह रंग न लगाकर हर्बल रंग का इस्तेमाल इस्तेमाल करने से कोई भी दुष्प्रभाव नहीं होता है । तहसीलदार अनिल बघेल भगोरिया हाट बाजार में निगाहें बनाए हुए दिखाई दिए। बाजार में प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही साथ ही सरपंच प्रतिनिधि नंदलाल निनामा सचिव तोलसिंह निनामा , सह सचिव राजेंद्र सालवी भी व्यवस्था में डेट रहे ग्राम पंचायत की व्यवस्था सराहनीय रही।



# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक जिले के छकतला भगोरिया में हुए शामिल

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर के छकतला में आयोजित आदिवासी लोकपर्व भगोरिया में कलेक्टर नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया ने सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक साफा बंधवाया। साथ ही जनजातीय संस्कृति के तीर कमान को भी धारण किया। उन्होंने भगोरिया मेले में सजी वस्तुओं की दुकानों,झुलो को देखा। उन्होंने पारंपरिक वादक ढोल-मांदल की गूंज और रंग-बिरंगे परिधानों में सजे युवक-युवतियों को नृत्य करते हुए देखा,जिससे उनका हृदय हर्षोल्लास से भर गया। इन नृत्य दलों में संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन से आए नृत्य दल में सर्वप्रथम धार के भील जनजातीय नृत्य दल श्री राहुल भाबर एवं साथी द्वारा रोमांच से भरपूर नृत्य प्रस्तुत किया। जिससे भगोरिया मेले में शामिल समस्त जन का ध्यान अपनी और खींचा। छिंदवाड़ा से भारिया जनजातीय का भडम नृत्य श्री मोजीलाल डाडोलियां एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत किया गया,इसके उपरांत हरदा से कोरकू जनजातीय नृत्य श्री गोपाल कोरकू एवं साथी द्वारा किया गया। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया एवं समस्त प्रशासनिक अमले नृत्य दलों के साथ नृत्य कर भगोरिया महोत्सव का आनंद लिया।

**एक नजर** ▸ मांडू में मंत्री, विधायक सुपुत्र , नपा अध्यक्ष सहित विदेशी पर्यटक भी झूम उठे

# मांडू में भगोरिया की मस्ती चढ़ी परवान पर, अद्भुत संगम देखने को मिला

**मांडू।** पर्यटन नगरी मांडू में आज ब्रिटिश काल से चली आ रही परंपरा भगोरिया उत्सव जिसमें आदिवासी संस्कृति वेशभूषा ढोल मादल और आदिवासी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा आज 40 से ज्यादा मादल अपनी अपनी पारंपरिक वेशभूषा के साथ मांडू के भगोरिया उत्सव में भाग लेने पहुंचे सुबह 7:00 बजे से ही भगोरिया प्रेमियों का उत्साह देखते नहीं बन रहा था इस पर्व में रंग-बिरंगे पारंपरिक पहनावे और आदिवासी नृत्य हॉट खरीददारी और पारंपरिक व्यंजन आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे भाजपा और नगर परिषद सहित भील साम्राज्य संगठन आदि के मंचों से दलों का स्वागत हुआ.





धार महू सांसद और मंत्री सावित्री ठाकुर जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मांडू नगर परिषद उपाध्यक्ष अध्यक्ष चतुर्भुज राम मंदिर महंतडॉक्टर नरसिंह दास जी महाराज विधायक सुपुत्र दीपक ठाकुरपूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र परिहार मंडल अध्यक्ष रघु जी निनामा नगर परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण यादव श्याम जी लीलर विधायक प्रतिनिधि सुधांशु तिवारी विजय ठाकुर भूपेंद्र सिसोदिया यश यादव सिद्धू यादव इसराइल शेख सभी अपने-अपने मंचों से दलों का उत्साह वर्धन करते दिखाई दिए ऐतिहासिक नगरी मांडू में शनिवार को आज भगोरिया में उल्लास और मस्ती का अद्भुत संगम देखने को मिला शनिवार मांडू में लगे मेले में ग्रामीणों की भीड़ नजर आई यहां सुबह से ही ग्रामीण पहुंचने लगे थे दोपहर 3:00 बजे के बाद ईश्वर में अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी यहां पर विदेशी सैलानी भी पहुंचे आदिवासी समाज प्राचीन समय से भगोरिया लोग उत्सव मनाता आ रहा है आंचल में जहां हाट बाजार लगता है वहां होली के दो दिन पूर्व इस भगोरिया हाट में लेकर रूप में मनाया जाता है. आज बाजार में मेला लगा विधिक सामग्रियों की दुकान भी सजी दिखाई दी इस दौरान बर्फ गोला पान की दुकान कुल्फी गाने का रस शक्कर से बनी हर कंगन आगे की दुकानें सजी मिली इस लोक उत्सव की व्याख्याति देश दुनिया में है क्योंकि इसमें पुरातन वह अद्भुत आदिवासी संस्कृति के दर्शन होते हैं.

### बेहतर पुलिस व्यवस्था और कड़े प्रबंध देखने को मिले

जिला पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में आज दो थानों के निरीक्षण और 40 से ज्यादा पुलिस के जवान सुरक्षा में तैनात रहे मांडू थाना प्रभारी इंदर सिंह रावत और नालछा थाना प्रभारी कैलाश बारिया साथी एस आई एस आई दिनेश वर्मा के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली .